

WHISPERS IN THE CORRIDORS .COM

डॉ. सुरेश मेहरोत्रा

नईदुनिया से विशेष अनुबंध के तहत

राजनीतिक, प्रशासनिक व कॉर्पोरेट जगत की खबरें

## राजनीतिक

### • पहले कभी भी कागजी दस्तावेजों के लीक होने के कारण शिक्षा मंत्रियों के इस्तीफे का कोई उदाहरण नहीं मिलना

भारत में परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक होना कोई नई बात नहीं है। लगभग हर बड़े राज्य को इस समस्या का सामना करना पड़ा है, लेकिन शिक्षा मंत्रियों ने कभी भी जिम्मेदारी स्वीकार नहीं की और न ही इस्तीफा दिया। उत्तर प्रदेश में, राज्य पीएससी के प्रश्नपत्र कथित तौर पर 2011 और 2015 में लीक हुए थे। 2012 में आईएनपीएससी के प्रश्नपत्र लीक हुए। राजस्थान में, 2015 में आरईईटी के प्रश्नपत्र कथित तौर पर लीक हुए और 2023 में राजस्थान एसआई भर्ती परीक्षा के प्रश्नपत्र भी लीक होने की खबरें आईं। ये कुछ उदाहरण हैं, लेकिन न तो मुख्यमंत्री और न ही शिक्षा मंत्री ने इस्तीफा दिया।

### • संसद सुचारू रूप से नहीं चलेगी

सभी संकेतों से यही लग रहा है कि संसद का मौजूदा मानसून सत्र सुचारू रूप से नहीं चलेगा। विपक्ष नीट परीक्षा परिणाम लीक, राम मंदिर के चंदे की चोरी और दिल्ली में प्रदर्शनकारियों पर कथित गोलीबारी से जुड़े मुद्दों को छोड़ने वाला नहीं है। विपक्ष संसद में अपनी शर्तों पर बहस चाहता है, जिसे सत्ताधारी दल शायद ही स्वीकार करेगा और इससे गतिरोध उत्पन्न होने की संभावना है।

### • अराजकता के बीच सरकार को लंबित विधेयक मिलने की संभावना

मानसून सत्र के मौजूदा समय में सत्ताधारी दल कम से कम आधा दर्जन महत्वपूर्ण विधेयकों को सदन से पारित कराने की कोशिश कर रहा है। लेकिन संकेतों के अनुसार, ये विधेयक हंगामे के बीच पारित हो सकते हैं।

### • क्या किरण रिजिजू सरकार के दूत बनकर सोनम वांगचुक को अपना अनशन समाप्त करने के लिए राजी करेंगे?



राजनीतिक गलियारों में इस बात की अटकलें तेज हैं कि संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू केंद्र सरकार की ओर से जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को भूख हड़ताल समाप्त करने के लिए मनाने का प्रयास कर सकते हैं। वांगचुक की भूख हड़ताल 25वें दिन में प्रवेश कर चुकी है, जिससे प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर व्यापक आक्रोश के बीच केंद्र पर दबाव और बढ़ गया है। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और जितेंद्र सिंह ने हाल ही में मेदांता अस्पताल में वांगचुक से मुलाकात की, वहीं खबरों के मुताबिक संसदीय कार्य मंत्री के तौर पर रिजिजू आधिकारिक चर्चाओं को औपचारिक रूप देने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। केंद्र ने संसद में परीक्षा विवाद पर बहस करने की इच्छा जताई है, जिससे रिजिजू का मंत्रालय विधायी कार्यवाही के केंद्र में आ गया है। इस बीच, वांगचुक ने अनशन तोड़ने से पहले स्पष्ट शर्तें रखी हैं, जिसमें उन्होंने सरकार से यह पुख्ता आश्वासन मांगा है कि युवा छात्र प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कोई दंडात्मक कानूनी कार्रवाई या पुलिस प्रतिशोध नहीं होगा। विपक्षी नेता और नागरिक समाज के प्रतिनिधि कार्यकर्ता से लगातार मुलाकात कर उन्हें अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं, वहीं ध्यान इस बात पर केंद्रित है कि क्या रिजिजू या वरिष्ठ मंत्री प्रतिनिधि इस गतिरोध को समाप्त करने के लिए आवश्यक आधिकारिक आश्वासन देंगे।

## प्रशासनिक

### • पश्चिम बंगाल : राज्य के सबसे युवा कलेक्टर

आईएएस कुहुक भूषण, कलिम्पोंग के जिला मजिस्ट्रेट और आईएएस आकांक्षा भास्कर, झाड़ग्राम की जिला मजिस्ट्रेट, पश्चिम बंगाल राज्य के सबसे युवा कलेक्टर हैं। भूषण और भास्कर दोनों का जन्म 1990 में हुआ था और वे पश्चिम बंगाल कैडर के 2015 बैच के अधिकारी हैं।



### • क्या सुसंता कुमार नाथ भी ओडिशा के डीजीपी पद की दौड़ में हैं?

ओडिशा के डीजीपी पद के लिए सुसंता कुमार नाथ का नाम भी चर्चा में है। वह 1993 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं।

### • 28 जुलाई को सीबीआईसी सदस्य के लिए साक्षात्कार

सीओएस 28 जुलाई को सदस्य सीबीआईकॉन के पद के लिए साक्षात्कार आयोजित करने जा रहा है। बताया जा रहा है कि एक महिला आईआरएस अधिकारी इस दौड़ में सबसे आगे हैं।

### • प्रधानमंत्री मोदी ने सचिवों के साथ दूसरी उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को नई दिल्ली में ग्रामीण विकास, कृषि, सामाजिक कल्याण और संबद्ध क्षेत्रों में विकसित भारत लक्ष्यों की दिशा में हुई प्रगति की समीक्षा के लिए सचिवों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। जुलाई में यह दूसरी ऐसी बैठक थी। मोदी ने कहा कि जन-आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार किए गए सुधारों को वास्तविक गति मिलनी चाहिए और उनसे सार्थक परिवर्तन आना चाहिए।

### • आरएएफ को लाठीचार्ज की अनुमति किसने दी?

दिल्ली पुलिस 20 जुलाई को हुई आरएएफ की कार्रवाई से नाराज है, जिसमें प्रदर्शनकारी छात्र घायल हो गए थे। अब खबर है कि पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि अर्धसैनिक बल (आरएएफ) को प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की अनुमति किसने दी थी?

### • आरके प्रजापति डीपीआईआईटी में निदेशक के रूप में कार्यभार संभालेंगे

राकेश कुमार प्रजापति को केंद्रीय भर्ती योजना के तहत उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) में पांच साल की अवधि के लिए निदेशक नियुक्त किया गया है। वे हिमाचल प्रदेश कैडर के 2012 बैच के आईएएस अधिकारी हैं।

### • ज़ेनिया गुप्ता कॉर्पोरेट मामलों की निदेशक

सुश्री ज़ेनिया गुप्ता को पांच साल की अवधि के लिए कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय में निदेशक के पद पर नियुक्त किया गया है। वह 2010 बैच की भारतीय रेलवे यातायात सेवा (आईआरटीएस) अधिकारी हैं।

### • सतोविशा समाजदार एनएचआरसी के निदेशक के रूप में कार्यभार संभालेंगी

सुश्री सतोविषा समाजदार को केंद्रीय भर्ती योजना के तहत पांच साल की अवधि के लिए गृह मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी), दिल्ली में निदेशक के पद पर तैनात किया गया है। वह छत्तीसगढ़ कैडर की 2010 बैच की भारतीय वन सेवा (आईएफओएस) अधिकारी हैं।

### • कार्तिका कुमार आईएफए और एसएसबी हैं

सुश्री कार्तिका जे कुमार को केंद्रीय भर्ती योजना के तहत गृह मंत्रालय के अधीन सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) में एकीकृत वित्तीय सलाहकार (आईएफए) (उप सचिव स्तर) के पद पर चार वर्ष की अवधि के लिए नियुक्त किया गया है। वह भारतीय सिविल लेखा सेवा (आईसीएएस) की 2014 बैच की अधिकारी हैं।

### • विभाग ने अमित कुमार जय की प्रतिनियुक्ति 2 साल के लिए बढ़ाई

जल विभाग ने राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण (एनएफआरए) में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत अमित कुमार जय की प्रतिनियुक्ति अवधि को 10 अक्टूबर, 2028 तक दो और वर्षों के लिए बढ़ा दिया है। वह पी एंड टीबीडब्ल्यूएस अधिकारी हैं।

# गंभीर बीमारियों के इलाज में सरकार करेगी भरपूर मदद : मुख्यमंत्री

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, गोरखपुरः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 200 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनके त्वरित, पारदर्शी तथा संतोषजनक समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सरकार हर जरूरतमंद के साथ खड़ी है और किसी भी स्तर पर जनसमस्याओं के निस्तारण में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर आयोजित जनता दर्शन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं। मुख्यमंत्री ने एक-एक फरियादी से आत्मीयता के साथ संवाद किया। उनकी बात ध्यानपूर्वक सुनी और संबंधित अधिकारियों को प्रार्थना पत्र सौंपते हुए समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनता दर्शन में बड़ी संख्या में ऐसे लोग भी पहुंचे, जिन्होंने गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए आर्थिक सहायता



की मांग की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें भरोसा दिलाया कि धन के अभाव में किसी भी जरूरतमंद का इलाज नहीं रुकने दिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्र मरीजों के इलाज का विस्तृत इस्टीमेट तत्काल तैयार कर शासन को भेजा जाए ताकि सरकार शीघ्र आर्थिक सहायता उपलब्ध करा सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार गरीब और जरूरतमंद परिवारों के स्वास्थ्य को लेकर पूरी तरह संवेदनशील है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी पात्र लोगों के आयुष्मान भारत कार्ड बनवाने की प्रक्रिया भी तेज की जाए, ताकि उन्हें भविष्य में भी बेहतर और नि:शुल्क उपचार की सुविधा मिल सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी व्यक्ति के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए। प्रत्येक शिकायतकर्ता के साथ संवेदनशील और सम्मानजनक व्यवहार किया जाए तथा उसकी समस्या का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से राजस्व एवं पुलिस विभाग से जुड़े मामलों में गंभीरता बरतने के निर्देश दिए।

पारिवारिक विवादों के मामलों में मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले संवाद और आपसी सहमति से समाधान का प्रयास किया जाए। यदि आवश्यक हो तभी विधिक कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता लोगों को राहत पहुंचाना है। इसलिए हर शिकायत का निस्तारण तत्परता, पारदर्शिता और मानवीय संवेदनाओं के साथ किया जाना चाहिए।

**गोशाला पहुंचकर की गोसेवा, गोवंश को खिलाया गुड़ :** जनता दर्शन के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दिनचर्या परंपरा के अनुरूप रही। उन्होंने सबसे पहले गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन किया। अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके बाद मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए गोशाला पहुंचे। गायों और अन्य गोवंश को अपने हाथों से गुड़ खिलाया। मुख्यमंत्री ने गोशाला के कार्यकर्ताओं से गोवंश के स्वास्थ्य, चारे और देखभाल की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उनके बेहतर संरक्षण और सेवा के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। गोशाला में मुख्यमंत्री का स्नेहपूर्ण व्यवहार और गोसेवा का दृश्य वहां उपस्थित लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।

## आस्था पर प्रहार करने वाले आज आस्थावान बनने का ठेका ले रहे : योगी

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, गोरखपुर :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को गोरखपुर में 995 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात देते हुए जिले के पहले सिक्सलेन फ्लाईओवर सहित चार महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण तथा दस नई विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। टीपी नगर-पैडलेगंज मार्ग स्थित समारोह में मुख्यमंत्री ने विकास, कानून व्यवस्था, आस्था, रोजगार और पूर्वी उत्तर प्रदेश के समग्र परिवर्तन का उल्लेख करते हुए समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर तीखा राजनीतिक हमला बोला। उन्होंने कहा कि जो लोग सत्ता में रहते हुए आस्था पर प्रहार करते थे, वही आज सबसे बड़े आस्थावान बनने का ठेका लेने की कोशिश कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के नेताओं के मुंह से आस्था की बातें सुनना हास्यास्पद लगता है। उन्होंने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी ने श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन में बाधा पहुंचाई और रामभक्तों पर गोलियां चलवाईं। कांग्रेस ने भगवान श्रीराम के अस्तित्व और मंदिर आंदोलन के विरोध में सर्वोच्च न्यायालय में अपना पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि ऐसे दलों को आज आस्था पर उपदेश देने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है।

**2017 से पहले दंगे, असुरक्षा और अराजकता थी पहचान :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश दंगों, अपराध और अराजकता के लिए जाना जाता था। होली, रामनवमी, विजयदशमी, दुर्गापूजा और कांवड़ यात्रा जैसे धार्मिक आयोजनों पर भी तनाव और हिंसा का वातावरण बना रहता था। व्यापारियों, बहन-बेटियों और आम नागरिकों की सुरक्षा संकट में थी। आज प्रदेश में कानून का राज स्थापित हुआ है और हर व्यक्ति बिना भय के अपना जीवन जी रहा एवं व्यवसाय कर रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्वी उत्तर प्रदेश में हजारों बच्चों की मौत हो गई लेकिन तत्कालीन सरकारों के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत किया। मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़ाई और पूर्वांचल को इंसेफेलाइटिस की त्रासदी से लगभग मुक्त करा दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाजवादी पार्टी के शासनकाल में सरकारी नौकरियों पर 'सैफई सिंडिकेट' का कब्जा रहता था। योग्य युवाओं को अवसर नहीं मिलते थे और भर्ती प्रक्रिया में पक्षपात होता था।

## सीएम योगी 25, 26 जुलाई को आगरा में, 421 करोड़ की विकास योजनाओं का करेंगे लोकार्पण और शिलान्यास

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, आगरा :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 25 और 26 जुलाई को अपने दो दिवसीय दौरे पर आगरा में प्रवास करेंगे । इस दौरान वह करीब 421 करोड़ विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। जनसभा को संबोधित करने के साथ-साथ विश्वविद्यालय में कैशलेस योजना का शुभारंभ भी करेंगे। हालांकि अभी तक सीएम योगी के आगरा कार्यक्रम का मिनट टू मिनट प्रोग्राम जिला प्रशासन को प्राप्त नहीं हुआ है लेकिन उनके आगरा प्रवास कार्यक्रम को तय मानकर सभी तैयारियां पूरी की जा रही है। प्रशासन द्वारा की जा रही तैयारियों के आधार प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ 25 जुलाई को शाम करीब 4 हवाई जहाज से सिविल एयरपोर्ट पहुंचेंगे और वहां से हेलीकाप्टर द्वारा फतेहाबाद रोड स्थित टाटा मैदान पर जनसभा स्थल पहुँच कर जन सभा को संबोधित करेंगे। बरसात के मौसम को देखते हुए विशेष रूप से तैयारी की जा रही है। जनसभा स्थल पर करीब 10000 लोगों के पहुंचने की संभावना को देखते हुए व्यवस्था की जा रही है, टाटा मैदान के पास ही हेलीपैड को भी तैयार किया जा रहा है। इससे पहले कार्यक्रम स्थल पर सी एम योगी विभिन्न सरकारी योजनाओं पर आधारित विकास प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे और योजना के लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र और नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्तियों को नियुक्ति पत्र भी सौंपेंगे।

## प्रजनन काल में भी यमुना में मछलियों का शिकार, दूषित पानी बना मछली प्रजातियों के लिए संकट

**औरैया।** उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में मत्स्य विभाग की अनदेखी के चलते प्रजनन काल में भी यमुना नदी में खुलेआम मछलियों का शिकार किया जा रहा है। एक ओर जहां एक जून से 31 अगस्त तक मछलियों के प्रजनन काल के दौरान उनके शिकार पर पूर्ण प्रतिबंध रहता है, वहीं दूसरी ओर शिकारी बेखौफ होकर जाल बिछाकर मछलियां पकड़ रहे हैं। इससे मछलियों की प्रजातियों के संरक्षण पर खतरा मंडराने लगा है। अयाना थाना क्षेत्र के बीझलपुर के पास यमुना नदी में जालौन जनपद के कुठौंद क्षेत्र तक बड़े पैमाने पर जाल डालकर मछलियों का शिकार किए जाने की शिकायतें सामने आई हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रतिबंध के बावजूद कार्रवाई न होने से अवैध शिकार लगातार जारी है।

## चंद्रशेखर आज़ाद का सर्वोच्च बलिदान सदैव राष्ट्रभक्ति की अलख जगाता रहेगा : केशव प्रसाद मौर्य

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गुरूवार को सात कालिदास मार्ग लखनऊ स्थित सरकारी आवास पर महान क्रांतिकारी अमर शहीद चंद्रशेखर आज़ाद की जयंती पर उनके स्मृति-चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

इस अवसर पर केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि मातृभूमि की स्वतंत्रता और स्वाभिमान के लिए उनका त्याग, समर्पण और सर्वोच्च बलिदान सदैव हर भारतीय के हृदय में राष्ट्रभक्ति की अलख जगाता रहेगा।



अद्वितीय पराक्रम, अदम्य साहस और अटूट राष्ट्रभक्ति के प्रतीक, चंद्रशेखर आज़ाद का त्याग, साहस और मातृभूमि की स्वतंत्रता के प्रति उनका अटूट समर्पण भारतीय इतिहास की अमूल्य धरोहर है। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि उनका प्रेरणादायी जीवन प्रत्येक देशवासी को राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए कर्तव्यपथ पर आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा देता है।

# राम मंदिर पर राजनीति बंद हो, राम मंदिर ट्रस्ट विहिप और संघ के साथ : संत समाज

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, अयोध्या :** श्री राम जन्मभूमि में चढ़ावा राशि की गणना प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं के बाद अयोध्या धाम संत मंडल के तत्वावधान में गुरुवार को संत समाज की एक महत्वपूर्ण संगोष्ठी हुई। इस संगोष्ठी में संतों ने एक सुर में कहा कि राम मंदिर पर राजनीति बंद होनी चाहिए। सम्पूर्ण संत समाज श्रीराम मंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट, विहिप और संघ के साथ खड़ा है। संतों ने रामभक्तों से अपील किया कि किसी के बहकावे में आने की जरूरत नहीं है, यह उन्हीं को चिंता है जो न्यायालय में कहते थे कि 'श्रीराम' काल्पनिक हैं।



इस संगोष्ठी का आयोजन श्री राम सत्संग भवन, धर्म मंडपम् में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के मंदिर की धार्मिक समिति के सदस्य श्री मणिराम दास छावनी के उत्तराधिकारी महंत कमल नयन दास की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। उल्लेखनीय है कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से जुड़े हालिया घटनाक्रम और राम मंदिर में चढ़ावा गिनती प्रकरण में संतों की यह पहली बैठक हुई। इस बैठक में अयोध्या के संत-महंतों ने एक स्वर से कहा कि राम मंदिर को बदनाम करने का सुनियोजित प्रयास किया जा रहा है, जिसका संत समाज पुरजोर विरोध करता है। उन्होंने कहा कि प्रकरण की जांच एसआईटी कर रही है और जो भी दोषी होगा, उसे कानून के अनुसार दंड अवश्य मिलेगा। वहीं, संतों ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पूर्व महासचिव चंपत राय निर्दोष हैं तथा अयोध्या के संत समाज में उनका सम्मान पहले की तरह बना हुआ है।बैठक की अध्यक्षता कर रहे महंत कमलनयन दास महाराज ने कहा कि सनातन धर्म पर बहुत संकट आ गया है। समय आ गया है जो दूध का दूध पानी का पानी होगा। श्रीराम मंदिर करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। इसकी गरिमा को ठेस पहुंचाने वाले किसी भी प्रयास को संत समाज स्वीकार नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि जांच पूरी होने से पहले किसी व्यक्ति को दोषी ठहराना न्यायसंगत नहीं है।

श्रीराम वल्लभाकुंज वेदांती मंदिर के अधिकारी राजकुमार दास ने कहा कि जो लोग राम मंदिर में चोरी की घटना को बढ़ा-चढ़ाकर प्रस्तुत कर रहे हैं, वे राम मंदिर के हितैषी नहीं हैं। जिन्होंने अपनी मेहनत की कमाई प्रभु श्रीराम के चरणों में समर्पित की है,वे मंदिर की आलोचना नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि बीच में जो प्रश्न उठे थे,उनका उत्तर ट्रस्ट ने दे दिया है और संत समाज श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट, विश्व हिंदू परिषद तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साथ पूरी मजबूती से खड़ा है। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के प्रवक्ता हनुमानगढ़ी महंत संजय दास ने कहा कि राम मंदिर को राजनीति का विषय बनाना बंद होना चाहिए।


## कार्यालय नगरपालिका परिषद खरगोन जिला, खरगोन म.प्र.

**निविदा सूचना क्रमांक/84/MCK/10206/ई-टेण्डर/2026** **खरगोन, दिनांक- 23-07-26**

### निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीकृत प्रणाली में पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों से निम्नांकित कार्यो की निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| अ. क्र. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_523659_1 Dt-24/07/2026 | वार्ड क्रं. 12 बावड़ी बस स्टेण्ड काम्पलेक्स के सामने डामरीकरण कार्य। | 01 माह लागत-222615/- | 2000/- 2226/- | 07/08/2026 5.30 PM |
| 2 | 2026_UAD_523664_1 Dt-24/07/2026 | वार्ड क्रं. 12 बावड़ी बस स्टेण्ड विजय हेयर सेलून के पास नाली एवं क्रास निर्माण कार्य। | 01 माह लागत-169284/- | 1000/- 3386/- | |
| 3 | 2026_UAD_523665_1 Dt-24/07/2026 | वार्ड क्रं. 13 श्याम महाजन के मकान से पुराने गोवर्धननाथ मंदिर तक नाली निर्माण कार्य। | 01 माह लागत-112660/- | 1000/- 2253/- | |
| 4 | 2026_UAD_523667_1 Dt-24/07/2026 | शहर के शिव डोला मार्ग पर डामर पेंच कार्य। | 01 माह लागत-846885/- | 2000/- 8468/- | |

**नोट**- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

(छाया जोशी) अध्यक्ष नगर पालिका परिषद खरगोन

(भोलू कर्मा) उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद खरगोन

(धीरेन्द्र सिंह चौहान) सभापति लो.नि.विद्युत एवं यांत्रिकी नगर पालिका परिषद खरगोन

(कमला कोल) मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद खरगोन


## बूथ की मजबूती से ही 2027 में मिलेगी जीत : संजय गुप्ता

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज शहर उत्तरी, दक्षिणी और पश्चिमी विधानसभा में आयोजित बूथ सम्मेलन की सफलता कार्यकर्ताओं की मेहनत और संगठन की मजबूत एकजुटता का परिणाम है। यह बात गुरुवार को भाजपा प्रयागराज महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने सिविल लाइन स्थित भाजपा कार्यालय में बूथ सम्मेलन के सफल आयोजन को लेकर कही। गुरुवार को सिविल लाइंस स्थित पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने महानगर अध्यक्ष का अंगवस्त्र पहनाकर सम्मान किया। इस अवसर पर संजय गुप्ता ने सभी जिला पदाधिकारियों, 15 मंडलों के मंडल अध्यक्षों, बूथ अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं को सम्मेलन की सफलता के लिए बधाई देते हुए कहा कि सभी के समर्पण और मेहनत से कार्यक्रम पूरी तरह सफल रहा।

## आपका राशिफल 24 जुलाई

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ): सुबह-सुबह की महत्त्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। घरेलू बहुमूल्य वस्तुओं के क्रय का योग है। शुभांक-3-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। स्थाई सम्पति के निर्माण, मरम्मत व पुर्नस्थापना पर व्यय भार बढ़ेगा। किसी की टीका-टिप्पणी से आपको परेशानी हो सकती हैं। शुभांक-2-4-5

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। शुभांक-2-4-6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शुभांक-1-3-5

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता हैं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शुभांक 4 6 8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें। नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। परिवार में कोई मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। शुभांक-2-3-5

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंगे। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। पुरुषार्थ का सहारा लें। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। शुभांक-2-5-6

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यो में सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से समय उपलब्धिकारक रहेगा। भाई बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक 1 4 6

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। शुभांक-3-5-6

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा परिणाम शुभ रहेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंगे। शुभांक-2-4-6

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जा सकते है जो कि अतिविश्वसनीय व्यक्तियों को ही दिये जाते हैं। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-3-5-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): व्यापार में स्थिति उत्तम रहेगी। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढ़ग की परेशानियां पैदा करेगी। कारोबार की उन्नति के लिये एक से अधिक सीढ़ी चढ़कर लोंगो को आश्चर्य में डाल देगें। चल-अचल सम्पति में वृद्धि होगी। बौद्धिक क्षेत्र में प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा। शुभांक-2-5-6